**एक नजर में**

## श्रावण मास में झीणेश्वर महादेव धाम पहुंचकर कर रहे हैं श्रध्दालु जलाभिषेक दुग्धाअभिषेक



**सरदारपुर** | नगर से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राचीन पांडव कालिन झीणेश्वर महादेव धाम पर श्रावण मास महिना के चलते श्रध्दालुजन झीणेश्वर महादेव पहुंचकर महादेव का आचार्य पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में जलाभिषेक दुग्धाअभिषेक किया जा रहा है। महादेव समिति द्वारा सुबह-शाम आरती उतारकर शिवचालीसा और प्रसादी भक्तो को बाटी जा रही है। समिति द्वारा सोमवार को फरियाली खिचड़ी प्रसादी का भोग लगाया जा रहा है। श्रावण मास के दौरान बडी संख्या में महादेव के भक्तजन दर्शन लाभ ले रहे है। गौरतलब है कि सरदारपुर क्षेत्र का यह प्रसिद्ध धर्म स्थल है। इधर नगर के छावनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रत्येक सोमवार को दोपहर में महिला मंडल और रात 9 बजे से 11 बजे तक श्रीदादा दयालु सुंदरकांड मंडल द्वारा भजनों का आयोजन किया जा रहा है।

## लोटस स्कूल में नशा मुक्ति संवाद का आयोजन




**नागदा** | मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता अभियान के तहत सादलपुर थाना प्रभारी सविता चौधरी एवं प्रेमचंद वर्मा (उप निरीक्षक) सादलपुर के नेतृत्व में मंगलवार को लोटस इंटरनेशनल स्कूल सादलपुर में नशा मुक्ति उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि नशा एक सामाजिक बुराई है। श्रीमती सविता चौधरी जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा हमारे युवाओं, परिवार और समाज की जड़ों को खोखला करता है। कई परिवार नशे के कारण बर्बाद हो जाते हैं। हम सब इस कठिनाई को जानते हैं कि नशा बहुत सारे कष्टों का कारण है। ये न सिर्फ स्वास्थ्य को खराब करता है बल्कि सामाजिक ताने बाने को भी छिन्न भिन्न करता है। दुखद है कि हमारे युवा जो देश का भविष्य हैं..इस दलदल में फंसते जा रहे हैं। प्रेमचंद वर्मा जी ने भी छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि नशा करने से आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक कार्य क्षमता में गिरावट होती है तथा इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने सरकार से आह्वान किया कि यदि 12 वर्ष से 22 वर्ष तक के बच्चों के बीच इस तरह का कार्यक्रम चलता रहा तो 20 वर्षों में हमारा देश नशा मुक्त हो सकता है। युवा नशा के मकड़जाल से बच गए तो हमारा देश सुरक्षित रहेगा। प्राचार्य राजेंद्र पटेल ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय के डायरेक्टर्स जितेन्द्र सिंह राजावत, राजेंद्र माहेश्वरी, देवराज प्रजापत व आनंद प्रजापत द्वारा नशा मुक्ति संदेश के रूप में कहानी तथा प्रेरक प्रसंग सुनाए गए। अंत में सभी विद्यार्थियों ने शपथ ली कि व हर प्रकार के नशे से दूर रहेंगे और अपने आसपास भी सभी को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा फेंच लैब का भी निरीक्षण किया गया और धार क्षेत्र में होने वाले इस नवाचार के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय कार्यशाला का सीधा प्रसारण



**मनावर** -शासकीय महाविद्यालय मनावर में 23 जुलाई 2025 को %विकसित मध्यप्रदेश-2047% अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा ~ रुझान एवं नए अवसर विषय पर भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का सीधा प्रसारण किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य, राज्यपाल मंगूभाई पटेल की अध्यक्षता एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार के विशिष्ट आतिथ्य में किया था। सभी प्रतिभागी कार्यशाला से रोजगारोन्मुखी शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उपयोगिता, विकसित मध्य प्रदेश की परिकल्पना एवं संस्कार युक्त शिक्षा पर आधारित समृद्ध विचारों से अवगत हुए। कार्यशाला में नवाचार आधारित शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप संस्कृति, तथा स्थानीय उद्योगों से जुड़ाव जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा उपयोगी जानकारी साझा की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर सी पान?टेल ने छात्रों को नवीन अवसरों की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत?साहित किया। ार्यशाला में महाविद्याल के प्राचार्य डॉ आर सी पान?टेल, आई व?यु ए सी प्रभारी डॉ अष?वरसिंह सस?त?या तथा समस?त प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टाफ एवं लगभग 52 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## 60 प्लस लालबाग ग्रुप ने एक पेड़ मां के नाम लाल बाग में लगाए तीन पेड़



**धार** . 60 प्लस लालबाग ग्रुप धार के महामंत्री महेश चंद माहेश्वरी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम से झील तुलसी चौराहा पर बादाम,फूलका पौधा एवं नीम का पौधा ग्रुप के साथियों के साथ लगाया इसमें बहुत ही मेहनती सचिन लाल बाग का मोगली प्यार से कहा जाता है जो प्रतिदिन पौधों की देखरेख पानी पिलाना और भी अन्य सेवा करते हैं ग्रुप द्वारा ऐसे कई कार्य सेवा सेवा प्रकल्प के रूप में करता रहता है इस अवसर पर ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य कविराज नंदकिशोर उपाध्याय, महेश माहेश्वरी,नारायण कुबेर पराग, रमेश जोशी, हरिप्रसाद मिश्रा,अनील उपाध्याय कीका भाई बोहरा, मुकेश पिपलोदिया अशोक कासलीवाल कैलाश जी मालवी सचिन भाई आदि कई सदस्य उपस्थित थे ग्रुप की ओर से सचिन का धन्यवाद किया गया उपरोक्त जानकारी कविराज नंदकिशोर उपाध्याय ने दी

## पगड़ी रस्म पर 27 को विशाल रक्तदान शिविर

**कुक्षी** |वरिष्ठ भाजपा नेता शिवजी भाई चौपडिया के पुत्र दामोदर चौपा?िया एवं लालजी मुकाती का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया.इनकी पगडी रस्म के मौके पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। दुख की इस घड़ी में दोनों परिवार के साथ पाटीदार समाज अध्यक्ष एवं पंचजनों नें प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दोनों मृतकों के तीन दिवसीय शोक निवारण एवं अन्नदान,रक्तदान कार्यक्रम एक साथ आयोजित करने का निर्णय लिया जो की समाज में सामाजिक एकता और सहानुभूति का आदर्श उदाहरण है.

# मां नर्मदा और गंगा का जल लेकर निकले कावड़ यात्री

### महामंडलेश्वर नरसिंह दास जी महाराज ने कहा कि यह कावड़ यात्रा एक समरसता की कावड़ यात्रा है, जो हिंदुत्व के जागरण की प्रतीक है

**बोल बम के नारों से गूंज उठा आसमान**

**मां शबरी के राम कावड़ यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्तिहुई शामिल**



**मांडू | नालछा क्षेत्र में प्रतिवर्ष निकलने वाली माँ शबरी की राम कावड़ यात्रा इस वर्ष भी संत शिरोमणि रविदास तपोस्थली काकडाखो से माँ गंगा, नर्मदा का आव्हान कर भगवान शिव, संत रविदास जी, की पूजा महामंडलेश्वर डॉ नरसिंहदास जी महाराज, श्री श्री 108 प्रेम दास जी महाराज के सानिध्य में जल भरकर कावड़ यात्रा प्रारंभ की गई।**

यात्रा का स्वागत- यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा के मार्ग में लगभग 200 से अधिक मंचों से स्वागत किया गया। इसके अलावा, यात्रा मार्ग में 20 से अधिक स्थानों पर भक्तों द्वारा कावड़ यात्रियों को फरियाली, कैले, खीर, चाय एवं समापन पर भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

**मंच पर उपस्थित संत समाज-**

कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी संत समाज उपस्थित रहा। मंच पर उपस्थित संतों का स्वागत विभिन्न व्यक्तियों द्वारा किया गया। मंच पर उपस्थित संत और उनका स्वागत

- श्री श्री 1008 डॉक्टर नरसिंह दास जी महाराज*~ स्वागत मुकेश जी भाभर द्वारा किया गया।
- राजेंद्र गिरी जी महाराज (झुगे वाले बाबा)*~ स्वागत नंदराम जी वसुनिया द्वारा किया गया।
- श्री श्री 108 महंत श्री प्रेम दास जी महाराज (नीतू बाबा)*~ स्वागत अमर सिंह निनामा द्वारा किया गया।
- श्री लिभसिंह बाबा*~ स्वागत नरसिंह जी कटारे द्वारा किया गया।
- श्री बालमुकुंद महाराज जी*~ स्वागत जितेंद्र डूडी के द्वारा किया गया।
- मांडव रेवाकुम से पधारे संत जी*~ स्वागत दिलीप जी बघेल द्वारा किया गया।
- यात्रा में धर्म सभा का आयोजन- माँ शबरी के राम कावड़ यात्रा में धर्म सभा का आयोजन किया गया। यह धर्म सभा लुन्हेरा में आयोजित की गई। धर्म सभा में मुख्य वक्ता के रूप में के गुरुदेव पधारे।
- धर्म सभा में वक्ताओं के विचार- *राष्ट्रीय संत परम गोपाल कृष्ण जी महाराज (शक्कर खेड़ी)*~ उन्होंने बताया कि वामपंथी विचारधारा के लोगों द्वारा उन्हें प्रलोभन दिया गया था कि उनकी कथा में इशू के क्रॉस के चिन्ह वाला चित्र लगाएं, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के देवताओं को याद करने से वे हमारे लिए आएंगे, लेकिन यीशु को याद करने से कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि वह खुद को नहीं बचा पा रहा है।

महामंडलेश्वर नरसिंह दास जी महाराज*~ ने कहा कि यह कावड़ यात्रा एक समरसता की कावड़ यात्रा है, जो हिंदुत्व के जागरण की प्रतीक है। आज के समय में हिंदू समाज जातियों में विभक्त हो रहा है, लेकिन यह कावड़ यात्रा एक उदाहरण है कि हम सब एक साथ संगठित होकर हिंदुत्व को एक माला में पिरो सकते हैं।

कावड़ यात्रा में अनुशासन- पूरी कावड़ यात्रा में अनुशासन का दृश्य दिखाई दिया। कावड़ उठाकर भक्त पंक्ति बनाकर चलते दिखे। यहां तक कि 5000 से अधिक संख्या में भक्त होने के बाद भी मुख्य मार्ग पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं दिखाई। *एंबुलेंस और गाड़ियों का निकलना*~ कई बड़े आयोजनों में एंबुलेंस को निकालने में मुश्किल होती है, लेकिन यहां आम गाड़ी भी आसानी से निकलते दिखाई दी।

## आयोजन : पगड़ी कार्यक्रम में 64 यूनिट रक्त एकत्रित



**मनावर** - ग्राम करोली में पाटीदार समाज के पगड़ी कार्यक्रम में रक्तदान का कार्यक्रम आयोजन किया। *कोटेश्वर नर्मदा बहुउद्देशीय सेवा संस्थान* की प्रेरणा से बेटों ने पिता को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्तदान शिविर लगाया।शोक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मनावर तहसील में ब्लड डोनेशन का आयोजन पहली बार हुआ है इसमें परिजनों ने ने ब?-च?कर सहभागिता की। इस दौरान 65 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ। समिति के अध्यक्ष मोहन पाटीदार ने बताया हीरालाल राजाजी पाटीदार के पगड़ी कार्यक्रम में श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला अस्पताल बडवानी ब्लड बैंक शाखा द्वारा शासन की गाइड लाइन के अनुरूप आयोजन किया। परिवार के सदस्यों सहित 64 लोगों ने रक्तदान किया। मातृशक्ति की अहम भूमिका रही। 20 महिलाओं और 44 पुरुषों ने रक्तदान किया। समिति ने रक्तदाताओं के इस कार्य के लिए सराहना की। आयोजन में जिला ब?वानी अस्पताल के ब्लड बैंक व करोली के समाजसेवियों का सहयोग रहा। जिला अस्पताल बडवानी में ब्लड की आवश्यकता* रक्तदान समिति के *देवेन्द्र पाटीदार धुलसर* ने बताया क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया ज्यादा होने के कारण जिला अस्पताल में रक्त की आवश्यकता है। मरीजों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते *कोटेश्वर नर्मदा बहुउद्देशीय सेवा संस्थान* ने पगड़ी रस्म में मानव सेवार्थ के लिए आयोजन करने के लिए परिजन को प्रेरित किया। समिति ने स्वर्गीय हीरालाल पाटीदार के पुत्र सचिन ओर सोनू राजाजी, , सहित रक्तदाताओं का आभार माना।

रक्तदाताओं को माँ नर्मदा जी का चित्र, पौधा ओर स्टील की पानी पीने की बोटल भेंट की गई। इस कार्यक्रम में महेंद्र कामदार, डॉक्टर राधेश्याम पाटीदार,नवीन पाटीदार कवटी, नितिन साद, ओम दरबार, महेश पाटीदार, मनहोर पाटीदार एवं अनेकों समाजजन शोक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित हुए। देवात्मा की पुण्य स्मृति में परिवार के द्वारा अनेकों क्षेत्र में नगद राशि का दान प्रदान किया। पाटीदार समाज सेवा संस्था बड़वानी की ओर से जन सहायता योजना अंतर्गत ?30000 की सहायता राशि दिवंगत आत्मा की पुण्य स्मृति में परिवार को समर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर पाटीदार के द्वारा किया गया।



## महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती विद्यार्थियों के साथ मनाई

**गंधवानी निप्र** सीएम राइज स्कूल गंधवानी में चंद्र शेखर आजाद की जयंती सामूहिक रूप से स्कूल प्रांगण में मनाई गई ,इस अवसर पर जन जाति विकास मंच गंधवानी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं रोहिणी सामाजिक विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंगार ने कहा कि आजाद जैसे क्रांतिकारी कदम बड़ा कर आप बच्चों को पड़ाई कर देश का नाम रोशन करना है बालक स्कूल प्राचार्य मोहन डावर ने आजाद के जीवन पर प्रकाश डाला , हरिओम मालवीय ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए वैचारिक क्रांति बहुत जरूरी है समाज सेविका पियू गुप्ता ने कहा कि बच्चे नशे से दूर रहना है इस मौके पर सीएम राइज स्कूल का स्टाफ मौजूद था

## सभी को नशे से मुक्ति की शपथ दिलाई



**,सरदारपुर** | दसाई~-नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज पर बुरा असर पडता है वही नशे से कई बीमारियां होती है। हमें नशे से हमेशा खुद को तो बचना ही साथ ही यदी कोई नशा कर रहा है तो उसे भी बचाने का प्रयास करना चाहिये । उक्त बात बुधवार को शा उ मा विद्यालय में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरुरी जन जागरुकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम दौरान एसडीओपी विश्वदीप सिह परिहार ने भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहें । नशे से मुक्ति की शपथ दिलवाई गई । थाना प्रभारी राजू मकवाना ने सभी को नशा न करने की समझाई दी। अध्यक्षता संस्था प्राचार्य राजीव बघेल , भारतीय मानवाधिकार सहकारी ट्रस्ट के प्रेमकुमार वैध ,बीजी उपाध्याय, प्रवीण कुमार शर्मा, महेश वर्मा, चौकी प्रभारी जगदीश निनामा कैलाश बघेल, योगेन्द्र तिवारी , साधना उपाध्याय, प्रवीण जैन,विजय नाहर, श्रीमति सीता शर्मा नवीन पाटीदार भरत पाटीदार,योगेन्सिह राठोर, सीता सेनी कन्हैयालाला पाटीदार प्रवेश भटनागर, सहित अनेक लोग उपस्थित थे . संचालन लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने किया .

## विधायक ग्रेवाल ने गांधी प्रतिमा का किया लोकार्पण

**सरदारपुर** | राजगढ़ नगर के बस स्टैंड पर बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नवीन प्रतिमा का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रताप ग्रेवाल एवं अध्यक्ष सवेरा महेश जायसवाल, उपाध्यक्ष दीपक जैन थे। इस अवसर पर विधायक ग्रेवाल ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व समुदाय के लिए एक वरदान हैं। उनके आदर्शों और मूल्यों ने पूरे विश्व को एक नई दिशा दी हैं। उन्होंने ऐसे समय में अहिंसा का मार्ग दिखाया जब विश्व युद्धों के दौर में, दुनिया अनेक प्रकार की घृणा और कलह से ग्रस्त थी। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के साथ गांधीजी के प्रयोग ने उन्हें एक महामानव का दर्जा दिया। दुनियाभर के लोग उनके आदर्शों में आस्था रखते हैं। उन्होंने नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर किंग जूनियर और बराक ओबामा का उदाहरण देते हुए कहा कि कई महान नेताओं ने गांधीजी द्वारा दिखाए गए मार्ग को विश्व कल्याण का मार्ग माना। उन्होंने इस बात पर ?ेर दिया



कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही विश्व शांति का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। प्रतिमा स्थापना में कमलाबाई मोहनलाल शर्मा, नेमचंद्र मांगीलाल वर्फा, बापू कोमलसिंह राठौर, मधुबेन सरबतीलाल जायसवाल, भरत बाबुलाल शर्मा, प्रेमशंकर रामस्वरूप शर्मा, मदनलाल जगन्नाथ शर्मा, गोविंद मांगीलाल जायसवाल की स्मृति में परिवारजनों द्वारा 51-51 हजार रूपये की राशि दान दी गई थी। इस अवसर पर सभी दानदाताओं परिवार के सदस्यों को सम्मान भी किया। समारोह में कांग्रेस नगर अध्यक्ष जीवन सिसोदिया, पार्षद प्रतिनिधी प्रवीण जैन, निलेश सिंगार, भारत सिंगार, बलराम मकवाना, महेश जायसवाल, रितेश शर्मा (गोलु), हिम्मत वर्फा, मनीष शर्मा, अरूण शर्मा, प्रकाश राठोड, विक्रम राठोड, अवी जायसवाल, वीरचंद्र भगत, सतीश शर्मा, आशिष कोठारी, पूर्व पार्षद देवीलाल भि?ादिया, कालु गणावा, केकडिया डामोर, अंसार खांन, शंकर बानिया, सुभाष जैन, मनीष जैन, निसार खॉन, फारूख खॉन, बाबु हटिला, बबलु चौहान आदि उपस्थित रहे।

**एक नजर** | **भारतीय मजदूर संघ के 70 वे स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित**

## संगठन को भविष्य की दिशा देंगेः डॉ. मोहन भागवत

**धार । भारतीय मजदूर संघ ( *BMS* ) अपना 70वां स्थापना दिवस मना रहा है, जो देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है। इस अवसर पर दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया है, जिसमें आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य अतिथि हैं।**

निज प्रतिनिधि, भारतीय मजदूर संघ जिला धार एवं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला धार द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय मजदूर संघ के 70 वे स्थापना दिवस का आयोजन मातेश्वरी गार्डन धार में किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झाबुआ विभाग प्रमुख सौरभ पोरवाल , तथा विशेष अतिथि भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री लोकेश सोलंकी, म. प्र.राज्य कर्मचारी संघ के संरक्षक डी के उपाध्याय, जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल जोशी द्वारा कर्मचारी बधुओं को संबोधित किया।



भारतीय मजदूर संघ द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाते हुए सहभागिता की तथा सरसंघचालक पूज्य श्री मोहन भागवत के उद्बोधन को सभी कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया।

इस अवसर पर म. प्र.राज्य कर्मचारीसंघ जिला सचिव ऋतु नागिया, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, जिला सचिव कलावती चौहान, महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख राखी देवड़ा, मयाराम मालवीय, राजेंद्र पाटील, शुभ नारायण द्विवेदी,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन पीथमपुर तहसील अध्यक्ष सचिन त्रिवेदी द्वारा किया। उक्त जानकारी कोषाध्यक्ष रुपेश पाटीदार द्वारा प्रदान की गई।